संजीव नेवर

मांस नहीं माँ
गोहत्या पर हिन्दू प्रतिकार

HINDU'S FIGHT FOR MOTHER COW

(NOW IN HINDI)

हिन्दू मांस नहीं माँ

गोहत्या पर हिन्दू प्रतिकार

जानकारी के लिए संपर्क करें

books@agniveer.com

पुस्तक आकार एवं संयोजन – रोनक त्रिवेदी

प्रथम संस्करण: मार्च २०१८

मांस नहीं माँ
गोहत्या पर हिन्दू प्रतिकार

: लेखक :

संजीव नेवर

: अनुवाद :

मृदुला

अनुवादक की कलम से...

मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे।

यजुवेद ३६/१८

हे परमात्मन्! आपकी कृपा से मैं भी निर्वैर होके सब भूत - प्राणी और अप्राणी - चराचर को मित्र की दृष्टि से देखूं, स्वात्म, स्व प्राणवत् प्रिय जानूं।

सृष्टि के उष: काल में मनुष्यों को दिया गया ईश्वर का अनुपम वरदान - वेद - हमसे कहते हैं कि हम सभी प्राणियों को मित्र की दृष्टि से देखें, उन्हें स्व प्राणवत् प्रिय जानें। शायद काल के अन्तराल में हम ईश्वर की शिक्षाओं को भुला बैठे और इंसान की बजाए पिशाच बन बैठे।

आज जब सुबह होने से पहले ही लाखों-करोड़ों प्राणियों की जिंदगी की ड़ोर काट दी जाती है तो अपने मासूम निरीह बच्चों को यूं कत्ल होता देख धरती माँ का हृदय चीत्कार कर उठता है। उसके रुदन की सिसकियां, और उसके आक्रोश का क्रंदन कहीं बाढ़, तूफ़ान, भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी या कहीं किसी और रूप में बाहर आता है। क्या हो गया है हमें? ये कहां जा रहे हैं हम? अपने स्वार्थ की अंधी दौड़ में हम पशु-पक्षी, पर्यावरण और धरती का विनाश किए जा रहे हैं। महज़ अपनी जीभ के चोंचले पूरे करने के लिए हम इंसान के मुखौटे में राक्षस बन बैठे हैं।

मांस खाने वालों को जानवरों की तड़प, उसके दर्द, और उनकी आखों में दिखने वाले डर से क्या मतलब? उनको तो सिर्फ अपने स्वाद से मतलब है। शायद उनका दिल पत्थर हो गया है। किसी ने सही कहा है कि “कत्ल-खानों की दीवारें अगर शीशे की होतीं तो दुनिया शाकाहारी होती”।

मांस खाने वालों में भी गौमांस खाने वालों की एक अलग जमात है। अपनी

जिव्हा लोलुपता के पीछे पागल ये आधुनिक राक्षस, लाखों-लाखों लोगों की माँ - गौमाता - को निगलने के पीछे पड़े हैं। गौमाता को देखते ही इनकी लार टपकने लगती है। और इस प्रक्रिया में वे विशाल बहुमत वाले हिन्दूओं की आस्था पर प्रहार करने में शैतानी ख़ुशी का अनुभव करते हैं।

लेकिन अब इन राक्षसों का संहार करने के लिए हम ने भी कमर कस ली है और प्रतिकार स्वरूप इस किताब लिखी है। यह अब तक की पहली ऐसी किताब है, जिसने गौमांस प्रेमियों और मांस प्रेमियों को चारों खाने चित करने में कोई भी कसर नहीं छोड़ी है।

संजीव भाई के प्रबुद्ध मस्तिष्क से सृजित यह किताब इस संसार में अनन्य है। लेखक ने अपने बुद्धि कौशल, तर्क संगति और वैज्ञानिकता से मांस और गौमांस को ना कहने के सही कारण हमें बताये है और इंसानों को अपना इस जन्म ही नहीं बल्कि जन्म-जन्मांतर तक सफ़ल करने के उपाय बताए हैं।

मुझे पूरा विश्वास है कि यह किताब अपने लक्ष्य को सार्थक करेगी और गौभक्षकों के मुंह पर ताले जड़ते हुए तहलका मचा देगी। इस किताब का अनुवादन करने पर मुझे खुद पे गर्व है और मैं सभी से इस किताब को पढ़ने की और उसका प्रचार करने का निवेदन करती हूं।

मृदुला
वड़ोदरा

नोट: इस किताब में ‘गौमांस’ और ‘बीफ़’ दोनों ही शब्द प्रयोग किए गए हैं।

भूमिका

हमारी आत्मशक्ति का अक़्स कमज़ोरों के साथ किए गए हमारे व्यवहार में दिखता है। हिन्दू धर्म की आधारशिला 'वेद' कहते हैं कि "पशु हमारे मित्र हैं, भोजन नहीं"। यजुर्वेद के सबसे पहले मंत्र का अंतिम शब्द है – "पशून् पाहि" इसका अर्थ है कि पशुओं को मत मारो! वह प्राणी जो हमारी ही तरह हंसते हैं, रोते हैं, हमारे साथ खेलते हैं, हमारी ही तरह सुख और दुःख का अनुभव करते हैं, वे इस दुनिया में मांस, चमड़ा, फ़र, दांत, हड्डी आदि के लिए मारे न जाएं। ये जानवर भी अपना पूरा जीवन जीने का अधिकार रखते हैं।

वह प्राणी जो हमें अमृत जैसा दूध देते हैं, माँ की तरह हमारा पालन करते हैं, वे माँ के सामान ही प्रेम और रक्षा किए जाने योग्य हैं। इसलिए हिन्दू धर्म गाय को माँ के स्थान पर रखता है। पर दुर्भाग्य से मतान्ध उन्मादियों द्वारा गौमांस भक्षण के समर्थन में एक नफरत से भरी मुहीम चलाई जा रही है। उनके अनुसार गौमांस (बीफ़) इसलिए खाना चाहिए क्योंकि हिन्दू हमेशा से ही गौमांस खाते आए हैं और हिन्दुओं के धर्मग्रंथ भी गौमांस खाने का समर्थन करते हैं। कुछ की दलील है कि गौमांस का निर्यात हमारी अर्थव्यवस्था के लिए बहुत जरुरी हैं। कुछ का कहना है कि चूंकि ऐसे तो पेड़-पौधे भी दर्द महसूस करते हैं इसलिए गायों को भी मार कर खाया जा सकता हैं।

ऐसी बेवकूफ़ी भरी दलीलों और खोखले आरोपों की लिस्ट काफ़ी लंबी है। अगर एक झूठ को सौ बार बोला जाए तो वह सच तो लगने लगता है, पर वह सच नहीं होता।

इस किताब में पशुवध और गौमांस भक्षण से संबंधित सभी प्रश्नों, आरोपों

और दलीलों को बारीकी और गहराई से जांचा गया है। इस में वेदों से दिए प्रमाण और अचूक तर्क इसे अपनी तरह की एक अलग ही किताब बनाते हैं। इस किताब से आप लोग हिन्दू धर्म के सच्चे सन्देश को समझ पाओगे और हिन्दू धर्म को गलत तरीके से दिखाने वालों का मुंह भी बंद कर सकोगे।

यह किताब पिछले दस वर्षों के हमारी महेनत का नतीजा है, जिस का कुछ भाग समय-समय पर हमारे ब्लॉग पर प्रकाशित हो चुका है। आज तक कोई भी इस विषय पर हमारे तर्कों का जवाब नहीं दे पाया है।

"हिन्दू धर्म को जानें" इस श्रृंखला की यह पहेली किताब है, जो गौमांस भक्षण के सारे झूठे दावों को ख़त्म करती है। इस किताब के बाद हिन्दू धर्म के सच्चे स्वरुप को स्थापित करती कई और किताबे भी आने वाली हैं। हिन्दू धर्म के बारे में फैली हुई ग़लतफ़हमी को दूर करने में यह श्रृंखला पूरी तरह से मददगार साबित होगी और साथ ही यह आपको विश्वास भी दिलाएगी कि हिन्दू धर्म आपके और दुनिया के लिए सर्वश्रेष्ठ और अनमोल उपहार है।

हिंदुत्व ही एक मात्र ऐसा धार्मिक दर्शन है जो असहिष्णुता से रहित है, साथ ही चुनने की आज़ादी को भी बढ़ावा देता है। किसी मज़हब की रूढियों में खुद को ढ़ालने की बजाए हिंदुत्व आपको आज़ादी देता है कि तुम धर्म को खुद के अनुरूप बना लो। हिन्दू धर्म दो अनिवार्य आधारों पर टिका हुआ है –

- खुद के अन्दर बसने वाले सत्य की ख़ोज।
- दूसरी आत्माए जो अपने अन्दर छुपे सत्य की खोज करना चाहती है उसके प्रति उदारता दिखाना और उनकी सहायता करना।

हिन्दू धर्म में न कोई ज़ोर-ज़बरदस्ती है, न कोई विवशता। न ईमान से डिगने का डर है, न मज़हब से बहिष्कृत होने का भय। न दोज़ख की आग है, न ईसाईकरण जैसा कोई एजेंडा। और न ही हिन्दू धर्म मानवजाति को ईमान वालों और गैर-ईमान वालों में बाटता है।

हिंदुत्व तो बस उदारता, करुणा और एक अच्छा इंसान बनने की तीव्र चाहना का नाम है। हिन्दू धर्म आपको हिन्दू या मुस्लिम बनने के लिए नहीं पर सिर्फ एक अच्छा इंसान बनने के लिए कहता है।

हमें आशा है कि यह श्रृंखला मानवता के सच्चे फ़लसफ़े को सबके सामने लाएगी, जिसे दुनिया आज भुला बैठी है। भौतिकवाद की अंधी दौड़, असहिष्णुता और उन्मत्तता के इस युग में यह समय की पुकार है। हमें विश्वास है कि आप को मानवता के उद्गम - हिन्दू धर्म - से एक नई दिशा मिलेगी।

इस किताब की बिक्री से मिलाने वाली धनराशी का उपयोग सच्चे हिन्दू धर्म के विस्तार के लिए किया जाएगा। इस किताब को लोगों में बांटें, उपहार में दें और मानवता की इस सेवा में हमें सहयोग दे।

“अगर हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा”।

संजीव नेवर
नई दिल्ली, भारत

विषय सूची

भाग १: हिन्दू धर्म में गौमांस न होने के प्रमाण

अध्याय १

हिन्दू धर्म में गौमांस नहीं

मनुष्य से पशुताका व्यवहार है अधर्म। पशु से मनावताका व्यवहार है धर्म।

- अग्निवीर

इस किताब के पहले दो अध्याय वैदिक शब्दों के आद्योपांत और वस्तुनिष्ठ विश्लेषण पर आधारित है, जिस संदर्भ में वे वैदिक शब्द-कोष, शब्दशास्त्र, व्याकरण और वैदिक मंत्रों के यथार्थ निरूपण के लिए जरुरी कई और साधनों में प्रयुक्त हुए हैं। मतलब कि यह दो अध्याय मैक्समूलर, ग्रिफ़िथ, विल्सन, विलियम्स् और कुछ भारतीय विचारकों के वेद और वैदिक भाषा के कार्य का अन्धानुकरण नहीं है। पश्चिम के वर्तमान शिक्षा जगत में ये लोग काफ़ी मसहुर हैं। पर इन लोगों का कार्य सच्चाई से कोसों दूर है। और ये साबित करने के लिए हमारे पास कई कारण हैं।

उनके कार्य सिर्फ इसलिए प्रचलित हैं क्योंकि भारत के ब्रिटिश शासन काल में उनके कार्यों का बहुत प्रचार किया गया और क्योंकि जो भारतीय विद्वान संस्कृत जानते थे, वे अंग्रेजी नहीं जानते थे। हम इस पहलू पर भी यहां विस्तार से प्रकाश डालेंगे।

वेदों पर लांछन

हिन्दूओं के प्रमुख और पवित्र धर्मग्रंथ 'वेदों' में अपवित्र बातों के भरे होने का लांछन सदियों से लगाया जा रहा है। अगर इन आक्षेपों को सही मान लिया जाए तो पूरी हिन्दू संस्कृति, और उसकी परंपराएं और मान्यताएं सिवाय वहशीपन, जंगलीयत और क्रूरता के इलावा कुछ नहीं रह जाएंगी। वेद इस पृथ्वी पर ज्ञान के प्रथम स्रोत होने के साथ-साथ हिन्दू धर्म के मूल आधार भी हैं, जो सारी मानवजाति को कल्याणमय जीवन जीने के लिए मार्गदर्शित करते हैं।

वेदों की झूठी निंदा करने की यह मुहीम उन विकृत तत्वों ने चला रखी है जो अपने निजी स्वार्थ के लिए वेदों से कुछ चुनिंदा सन्दर्भों का हवाला देकर हिन्दुओं को दुनिया के सामने नीचा दिखाना चाहते हैं। हिन्दुओं के मूल ग्रन्थ वेदों में नारी की अवमानना, मांस भक्षण, बहुविवाह, जातिवाद और यहां तक की गौमांस भक्षण जैसे सभी अमानवीय तत्व मौजूद हैं एसा बता कर ये विकृत तत्व गरीब और अशिक्षित हिन्दुओं से उनकी मान्यता-ओं को छुड़वाने में काफ़ी हद तक कामियाब होते हैं।

इन लोगों को वेदों में आए त्याग और दान के अनुष्ठान के सन्दर्भों में, जिसे 'यज्ञ' भी कहा गया है, पशुबलि दिखती है। चौकाने वाली बात है कि भारत में पैदा हुए और पले-बढे बुद्धिजीवियों का एक वर्ग एक तरफ तो भारत की प्राचीन संस्कृति का गहन अध्ययन का दावा करता है, और

दूसरी तरफ वेदों में इन अपवित्र तत्वों को सिद्ध करने के लिए तथाकथित पश्चिमी विद्वानों का सहारा भी लेता है।

वेदों द्वारा गौहत्या और गौमांस को स्वीकृत बताना हिन्दुओं की आत्मा पर सीधा प्रहार है। गाय का सम्मान हिन्दू धर्म का केंद्र बिंदू है। जब कोई 'धर्मांतरण का विषाणु' हिन्दू को उसकी मान्यताओं और मूल सिद्धांतों में दोष या खोट दिखाने में सफल हो जता है, तब उस हिन्दू के मन में अपने ही धर्म को लेकर हीन भाव पैदा होता है और फिर उसे हिन्दू धर्म छोड़ने के लिए आसानी से बहकाया जा सकता है। भारत में ऐसे करोडो नादान हिन्दू हैं जिनको वेदों के बारे में कुछ नहीं पता। इसलिए वह वेदों पर लगाये गये लांछनों का जवाब नहीं दे पाते और धर्मांतरण के विषाणुओं के आगे समर्पण कर देते हैं।

जो वेदों को बदनाम कर रहे हैं वे सिर्फ पश्चिमी और भारतीय विशेषज्ञों तक ही सीमित नहीं हैं। हिन्दुओं में एक खास जमात ऐसी है जो जनसंख्या के सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े तबकों का शोषण कर उनको अपनी बात मानने और उस पर अमल करने पर मजबूर करती है। और अगर एसा न किया जाय तो उसके दुष्परिणाम भुगतने की धमकी देती है।

वेदों के नाम पर थोपी गई इन सारी जूठी बातों के लिए मध्यकालीन वेद-भाष्यकार महीधर, उव्वट और सायण द्वारा की गई व्याख्याओं और वाम मार्गियों या तंत्र मार्गियों द्वारा वेदों के नाम से अपनी पुस्तकों में चलाई गई कुप्रथाओं को जिम्मेदार ठहराना होगा।

एक समयकाल दरमियान यह जूठ सब जगह फैला और अपनी जड़ें गहराई तक ज़माने में तब कामियाब हुआ जब पश्चिमी विद्वानों ने संस्कृत की अधकचरी जानकारी से वेदों के अनुवाद के नाम पर सायण और

महीधर के वेद-भाष्य की व्याख्याओं का वैसा का वैसा अपनी लिपि में रूपांतरण कर लिया। जबकि वे वेदों के मूल अभिप्राय को सही अर्थ में समझने के लिए जरुरी:

- शिक्षा (स्वर विज्ञान)
- व्याकरण
- निरुक्त (शब्द व्युत्पत्ति शास्त्र)
- निघण्टु (वैदिक कोष)
- छंद
- ज्योतिष और
- कल्प के ज्ञान से पूरी तरह से शून्य थे।

अग्निवीर के आन्दोलन का उद्देश्य वेदों के बारे में ऐसी मिथ्या धारणाओं का वास्तविक मूल्यांकन कर उनकी पवित्रता, शुद्धता, महान संकल्पना और मान्यता की फिर से स्थापना करना है। जो सिर्फ हिन्दुओं के लिए ही नहीं बल्कि सारी मानवजाति के लिए बिना किसी बंधन, पक्षपात या भेदभाव के समान रूप से उपलब्ध हैं।

आइए जानते हैं कि वेद गौमांस और यज्ञ में पशुबलि के विषय में क्या कहते हैं-

वेदों में कोई पशु-हिंसा नहीं

यस्मिन्त्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानत:

तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यत:

यजुर्वेद ४०/ ७

जो सभी प्राणियों में अपनी ही आत्मा को देखते हैं, उन्हें कहीं पर भी शोक या मोह नहीं रह जाता क्योंकि वे उनके साथ अपनेपन की अनुभूति करते हैं। जो आत्मा को अविनाशी समजते हों और पुनर्जन्म में विश्वास रखते हों, वे कैसे यज्ञों में पशुओं का वध करने की सोच भी सकते हैं? वे तो अपने पिछले दिनों के प्रिय और नजदीकी लोगों को उन जिन्दा प्राणियों में देखते हैं।

अनुमन्ता विशसिता निहन्ता क्रयविक्रयी

संस्कर्ता चोपहर्ता च खादकश्चेति घातकाः

मनुस्मृति ५/५१

जानवर को मारने की आज्ञा देने वाला, उसको मारने के लिए लेने वाला, उसे बेचने वाला, उसे मारने वाला, उसके मांस को खरीदने और बेचने वाला, मांस को पकाने वाला और मांस खाने वाला, यह सभी हत्यारे हैं।

ब्रीहिमत्तं यवमत्तमथो माषमथो तिलम्

एष वां भागो निहितो रत्नधेयाय दान्तौ मा हिंसिष्टं पितरं मातरं च

अथर्ववेद ६/१४०/२

हे दांतों की दोनों पंक्तियों! चावल खाओ, जौ खाओ, उड़द खाओ और तिल खाओ। यह अनाज तुम्हारे लिए ही बनाए गए हैं। उन्हें मत मारो जो माता- पिता बनने की योग्यता रखते हैं।

य आमं समदन्ति पौरुषेयं च ये क्रविः

गर्भान्खादन्ति केशवास्तानितो नाशयामसि

अथर्ववेद ८/ ६/२३

वह लोग जो नर और मादा, भ्रूण और अंड़ों के नाश से पैदा हुए मांस को कच्चा या पकाकर खातें हैं, हमें उन्हें नष्ट कर देना चाहिए।

अनागोहत्या वै भीमा कृत्ये

मा नो गामश्वं पुरुषं वधीः

अथर्ववेद १०/१/२९

निर्दोषों को मारना महा पाप है। हमारे गाय, घोड़े और पुरुषों को मत मार। वेदों में गाय और दुसरे पशुओं के वध का स्पष्ट रूप से निषेध होते हुए, इसे वेदों के नाम पर कैसे सही ठहराया जा सकता है?

अघ्न्या यजमानस्य पशून्पाहि

यजुर्वेद १/१

हे मनुष्यों! पशु अघ्न्य हैं - कभी न मारने योग्य, पशुओं की रक्षा करो।

पशूंस्त्रायेथां

यजुर्वेद ६/११

पशुओं का पालन करो।

द्विपादव चतुष्पात पाहि

यजुर्वेद १४/८

हे मनुष्य! दो पैर वाले की रक्षा कर और चार पैर वाले की भी रक्षा कर।

वेदों में शैतान, दुष्टात्माओं के लिए प्रयुक्त कई शब्द ऐसे हैं जो कि मांस--भक्षक चाल चलन से उत्पन्न हुए हैं। उनमें से कुछ को देखते हैं -

- क्रव्य दा – क्रव्य (वध से प्राप्त मांस)+अदा (खानेवाला) = मांस भक्षक।
- पिशाच – पिशित (मांस) + अस (खानेवाला) = मांस खाने वाला।
- असुत्रपा – असू (प्राण) +त्र पा (पर तृप्त होने वाला) = अपने भोजन के लिए दूसरों के प्राण हरने वाला।
- गर्भ दा और अंड़ दा = भ्रूण और अंड़े खाने वाले।
- मांस दा = मांस खाने वाले।

वैदिक साहित्य में मांस खाने वालो का तिरस्कार किया गया है। उन्हें राक्षस, पिशाच जैसी संज्ञा दी गई है जो दरिन्दे और हैवान माने गए हैं। और जिनकी गिनती सभ्य मानव समाज में नहीं होती।

ऊर्जं नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे

यजुर्वेद ११/८३

“सभी दो पाए और चौपाए प्राणियों को बल और पोषण प्राप्त हो।”

हिन्दुओं द्वारा भोजन ग्रहण करने से पहले बोले जाने वाले इस मंत्र में प्रत्येक जीव के लिए पोषण उपलब्ध होने की कामना की गई है। जो दर्शन प्रत्येक प्राणी के लिए जीवन के हर क्षण में कल्याण ही चाहता हो, वह पशुओं के वध को मान्यता कैसे देगा?

वैदिक यज्ञ में कोई हिंसा नहीं

जैसी की कुछ लोगों की प्रचलित मान्यता है कि यज्ञ में प्राणियों कि जाती है वैसा बिलकुल नहीं है। वेदों में यज्ञ को "श्रेष्ठतम कर्म" या एक ऐसी क्रिया कहा गया है जो वातावरण को शुद्ध करती है।

अध्वर इति यज्ञानाम – ध्वरतिहिंसा कर्मा तत्प्रतिषेधः

निरुक्त २/७

निरुक्त या वैदिक शब्द व्युत्पत्ति शास्त्र में यास्काचार्य के अनुसार यज्ञ का एक नाम 'अध्वर' भी है। 'ध्वर' का मतलब है - हिंसा से किया गया कर्म। इसलिए 'अध्वर' का अर्थ अहिंसा से किया गया कर्म। वेदों में अध्वर के ऐसे प्रयोग बहुत देखने को मिलते हैं।

महाभारत के परवर्ती काल में वेदों के गलत अर्थ किए गए और दुसरे कई धर्म ग्रंथों के विविध तथ्यों को भी प्रक्षिप्त किया गया। आचार्य शंकर वैदिक मूल्यों की पुनः स्थापना में एक सीमा तक सफल रहे। वर्तमान समय में स्वामी दयानंद सरस्वती - आधुनिक भारत के समाज संस्कारक - ने वेदों की व्याख्या वैदिक भाषा के सही नियमों और योग्य प्रमाणों के आधार पर की। उन्होंने वेद-भाष्य, सत्यार्थ प्रकाश, ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका और दुसरे कई ग्रंथों की रचना कि। उनके इस साहित्य से वैदिक मान्यताओं पर आधारित व्यापक सामाजिक सुधारणा हुई और वेदों के बारे में फैली हुई

भ्रांतियों का निराकरण हुआ।

आइए यज्ञ के बारे में वेदों के मंतव्य को जानें –

अग्ने यं यज्ञमध्वरं विश्वत: परि भूरसि
स इद् देवेषु गच्छति

ऋग्वेद १ /१/४

“हे दैदीप्यमान प्रभु! तुम्हारे द्वारा व्याप्त हिंसा रहित यज्ञ सभी के लिए लाभप्रद दिव्य गुणों से युक्त है और विद्वान मनुष्यों द्वारा स्वीकार किया गया है।”

ऋग्वेद में सर्वत्र यज्ञ को हिंसा रहित कहा गया है इसी तरह बाकी तीनों वेद में भी यज्ञ को हिंसा रहित कहा गया हैं। फिर यह कैसे माना जा सकता है कि वेदों में हिंसा या पशु वध की आज्ञा है?

यज्ञों में पशु वध की अवधारणा उनके यज्ञों के विविध प्रकार के नामों के कारण आई है जैसे अश्वमेध यज्ञ, गौमेध यज्ञ और नरमेध यज्ञ। किसी अतिरंजित कल्पना से भी इस संदर्भ में ‘मेध’ का अर्थ वध संभव नहीं हो सकता।

यजुर्वेद अश्व का वर्णन करते हुए कहता है –

इमं मा हिंसीरेकशफं पशुं कनिक्रदं वाजिनं वाजिनेषु

यजुर्वेद १३/४८

“इस एक खुर वाले, हिनहिनाने वाले और बहुत से पशुओं में अत्यंत वेगवान प्राणी का वध मत कर।”

अश्वमेधका मतलब यज्ञ में घोड़े की बलि देना नहीं है। इसके विपरीत यजुर्वेद में अश्व को नहीं मारने का स्पष्ट उल्लेख है।

शतपथ में अश्व शब्द 'राष्ट्र' या 'साम्राज्य' के लिए आया है।

अश्वमेध, गौमेध और नरमेध यज्ञ

'मेध' शब्द का अर्थ वध नहीं होता। मेध शब्द बुद्धिपूर्वक किये गए कर्म को व्यक्त करता है। प्रकारांतर से उसका अर्थ मनुष्यों में संगतीकरण का भी है। जैसा कि मेध शब्द के धातु (मूल) मेधृ -सं -ग -मे के अर्थ से स्पष्ट होता है।

राष्ट्रं वा अश्वमेध:

अन्नं हि गौ:

अग्निर्वा अश्व:

आज्यं मेधा:

शतपथ १३/१/६/३

स्वामी दयानन्द सरस्वती सत्यार्थ प्रकाश में लिखते हैं -

"राष्ट्र या साम्राज्य के वैभव, कल्याण और समृद्धि के लिए समर्पित यज्ञ ही अश्वमेध यज्ञ है।"

"अन्न, इन्द्रियां, किरण, पृथ्वी, आदि को पवित्र रखना गोमेध।"

'गौ' शब्द का अर्थ पृथ्वी भी है। इसलिए पृथ्वी और पर्यावरण की शुद्धता के लिए समर्पित यज्ञ गौमेध कहलाता है।

"जब मनुष्य मर जाए, तब उसके शरीर का विधिपूर्वक दाह करना नरमेध कहाता है।"

वेदों में गौमांस का निषेध

वेदों में पशुओं की हत्या का विरोध तो है ही बल्कि गौहत्या पर तो तीव्र आपत्ति करते हुए उसे निषिद्ध माना गया है। यजुर्वेद में गाय को जीवनदा-यी पोषण दाता मानते हुए गौ हत्या को वर्जित किया गया है।

घृतं दुहानामदितिं जनायाग्ने मा हिंसी:

यजुर्वेद १३/४९

"सदा ही रक्षा के पात्र गाय और बैल को मत मार।"

आरे गोहा नृहा वधो वो अस्तु

ऋग्वेद ७ /५६/१७

"ऋग्वेद गौहत्या को जघन्य अपराध बताते हुए उसे मनुष्य हत्या के तुल्य मानता है और ऐसा महापाप करने वाले के लिये दण्ड का विधान करता है।"

सूयवसाद भगवती हि भूया अथो वयं भगवन्तः स्याम

अद्धि तर्णमघ्न्ये विश्वदानीं पिब शुद्धमुदकमाचरन्ती

ऋग्वेद १/१६४/४० अथवा अथर्ववेद ७/७३/११ अथवा अथर्ववेद ९/१०/२०

"अघ्न्या गौ - जो किसी भी अवस्था में नहीं मारने योग्य हैं, हरी घास और

शुद्ध जल के सेवन से स्वस्थ रहें जिससे कि हम उत्तम सद् गुण, ज्ञान और ऐश्वर्य से युक्त हों।"

वैदिक कोष निघण्टु में गौ या गाय के पर्यायवाची शब्दों में 'अघ्न्या', 'अहि' और 'अदिति' का भी समावेश है। निघण्टु के भाष्यकार यास्क इनकी व्याख्या में कहते हैं:

- अघ्न्या – जिसे कभी न मारना चाहिए।
- अहि – जिसका कभी वध नहीं होना चाहिए।
- अदिति – जिसके खंड नहीं करने चाहिए।

इन तीन शब्दों से यह साबित होता है कि गाय को किसी भी प्रकार से पीड़ित नहीं करना चाहिए।वेदों में गाय इन्हीं नामों से पुकारी गई है।

अघ्न्येयं सा वर्द्धतां महते सौभगाय

ऋग्वेद १/१६४/२७

"अघ्न्या गौ-हमारे लिये आरोग्य और सौभाग्य लाती हैं।"

सुप्रपाणं भवत्वघ्न्याभ्य:

ऋग्वेद ५/८३/८

"अघ्न्या गौ के लिए शुद्ध जल अति उत्तमता से उपलब्ध हो।"

यः पौरुषेयेण क्रविषा समङ्क्ते यो अश्व्येन पशुना यातुधानः

यो अघ्न्याया भरति क्षीरमग्ने तेषां शीर्षाणि हरसापि वृश्च

ऋग्वेद १०/८७/१६

“मनुष्य, अश्व या दुसरे पशुओं के मांस से पेट भरने वाले और दूध देने वाली अघ्न्या गायों का विनाश करने वालों को कडा दण्ड देना चाहिए।”

विमुच्यध्वमघ्न्या देवयाना अगन्म

यजुर्वेद १२/७३

“अघ्न्या गाय और बैल तुम्हें समृद्धि दे ते हैं।”

मा गामनागामदितिं वधिष्ट

ऋग्वेद ८/१०१/१५

“गाय को मत मारो। गाय निष्पाप और अदिति – अखंडनीया है।”

अन्तकाय गोघातं

यजुर्वेद ३०/१८

“गौ हत्यारे का संहार किया जाये।”

यदि नो गां हंसि यद्यश्वम् यदि पूरुषं

तं त्वा सीसेन विध्यामो यथा नो सो अवीरहा

अर्थववेद १/१६/४

“अगर कोई हमारे गाय, घोड़े और पुरुषों की हत्या करता है, तो उसे सीसे की गोली से उड़ा दो।”

वत्सं जातमिवाघ्न्या

अथर्ववेद ३/३०/१

“आपस में उसी प्रकार प्रेम करो, जैसे अघ्न्या – कभी न मारने योग्य गाय – अपने बछड़े से करती है।”

धेनुं सदनं रयीणाम्

अथर्ववेद ११/१/४

“गाय सभी ऐश्वर्यों का उद्गम है।”

ऋग्वेद का ६ठा मंडल

ऋग्वेद के ६ वें मंडल का सम्पूर्ण २८ वां सूक्त गाय की महिमा बखान रहा है:

आ गावो अग्मन्नुत भद्रमक्रन्त्सीदन्तु

भूयोभूयो रयिमिदस्य वर्धयन्नभिन्ने

न ता नशन्ति न दभाति तस्करो नासामामित्रो व्यथिरा दधर्षति

न ता अर्वा रेनुककाटो अश्नुते न संस्कृत्रमुप यन्ति ता अभि

गावो भगो गाव इन्द्रो मे अच्छन्

यूयं गावो मेदयथा

मा वः स्तेन ईशत माघशंस:

- हर कोई यह सुनिश्चित करें कि गौएं यातनाओं से दूर और स्वस्थ रहें।

- गाय की देख-भाल करने वाले को ईश्वर का आशीर्वाद मिलता है।
- गाय पर शत्रु भी शस्त्र का प्रयोग न करें।
- कोइ भी गाय का वध न करे।
- गाय बल और समृद्धि लाती हैं।
- गाय अगर स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगी तो पुरुष और स्त्रियां भी निरोग और समृद्ध होंगे।
- गाय हरी घास और शुद्ध जल का सेवन करें। वे मारी न जाएं और हमारे लिए समृद्धि लाएं।

वेदों में गौमांस का कहीं कोई विधान नहीं है।

दावे और तथ्य:

उन विभिन्न स्रोतों से तीखी प्रतिक्रिया हुई है, जिनके गले से यह सच्चाई नहीं उतर सकती कि उनकी आधुनिक साम्यवादी विचारधारा के सामने हमारे वेद और राष्ट्र की प्राचीन संस्कृति ज्यादा आदर्शस्वरूप हैं। मुझे कई ई-मेल मिले है जिनमें इस सच को झुठलाने के प्रयास में अतिरिक्त हवाले देकर गौमांस का समर्थन दिखाया गया है। जिनमें ऋग्वेद से दो मंत्र, मनुस्मृति के कुछ श्लोक और कुछ और उदाहरण दिए गए हैं। इन दावों पर मैं निम्न बातें कहना चाहूंगा –

१

मनुस्मृति में गौमांस भक्षण और पशुबलि की अनुमति है।

अग्निवीर:

इस अध्याय में प्रस्तुत मनुस्मृति के साक्ष्य में वध की मंजूरी देने वाले तक को हत्यारा कहा गया है। इसलिए यह सभी अतिरिक्त श्लोक मनुस्मृति में प्रक्षेपित (मिलावट किये गए) हैं या इनके अर्थ को बिगाड़ कर गलत तरीके से दिखाया गया है।

२

प्राचीन साहित्य में मांस का अर्थ मीट(गोश्त) है।

अग्निवीर:

प्राचीन साहित्य में गौमांस को सिद्ध करने के उनके अड़ियल रवैये के कपट का एक प्रतीक यह है कि वह मांस शब्द का अर्थ हमेशा मीट (गोश्त) के संदर्भ में ही लेते हैं। दरअसल, मांस शब्द की परिभाषा किसी भी 'गूदेदार वस्तु' के रूप में की जाती है। मीट को मांस कहा जाता है क्योंकि वह गूदेदार होता है। इसी से, सिर्फ मांस शब्द के प्रयोग को देखकर ही मीट नहीं समझा जा सकता।

वेदों से संबंधित जिन दो मंत्रों को प्रस्तुत कर वे गौमांस भक्षण को सिद्ध मान रहे हैं। आइए उनकी पड़ताल करें –

३

ऋग्वेद (१०/८५/१३) – "कन्या के विवाह अवसर पर गाय और बैल का वध किया जाए।"

अग्निवीर:

मंत्र में बताया गया है कि ठंडी ऋतु में मद्धिम हो चुकी सूर्य किरणें फिरसे वसंत ऋतु में प्रखर हो जाती हैं। यहां सूर्य -किरणों के लिए प्रयुक्त शब्द 'गो' है, जिसका एक अर्थ 'गाय' भी होता है और इसीलिए मंत्र का अर्थ

करते समय सूर्य किरणों के बजाए गाय को विषय रूप में लेकर भी किया जा सकता है। 'मद्धिम' को सूचित करने के लिए 'हन्यते' शब्द का प्रयोग किया गया है, जिसका मतलब हत्या भी हो सकता है। लेकिन अगर ऐसा मान भी लें, तब भी मंत्र की अगली पंक्ति (जिसका अनुवाद जानबूझ कर छोड़ा गया है) कहती है कि - वसंत ऋतु में वे अपने वास्तविक स्वरुप को दुबारा प्राप्त होती हैं।

भला सर्दियों में मारी गई गाय दोबारा वसंत ऋतु में पुष्ट कैसे हो सकती है? इस से यही साबित होता है कि ज्ञान से कोरे कम्युनिस्ट किस प्रकार वेदों के साथ पक्षपात कर उसे कलंकित करते हैं।

४

ऋग्वेद (६/१७/१) – "इन्द्र - गाय, बछड़े, घोड़े और भैंस का मांस खाया करते थे।"

अग्निवीर:

मंत्र में वर्णन है कि प्रतिभाशाली विद्वान, यज्ञ की अग्नि को प्रज्वलित करने वाली समिधा की भांति विश्व को दीप्तिमान कर देते हैं। किसी को इस मंत्र में इन्द्र, गाय, बछड़ा, घोड़ा और भैंस कहां से मिल गए, यह मेरी समझ से बाहर है।

५

दुसरे संस्कृत ग्रंथों में किए गए दावों का क्या?

अग्निवीर:

उनके द्वारा दिए गए दुसरे उद्धरण संदेहास्पद और लचर हैं जो प्रमाण नहीं माने जा सकते। उनका तरीका बहुत आसान है – संस्कृत में लिखा हुआ

किसी भी वाक्य को हिन्दू धर्म मानकर अपनी इच्छा अनुसार उसका अर्थ निकालो। ठीक ऐसा ही हमारी पाठ्य पुस्तकों के साथ में हो रहा हैं।

सारांश

वेदों में मात्र गाय ही नहीं बल्कि हर प्राणी के लिए प्रदर्शित उच्च भावना को समझने के लिए और कितने प्रमाण दिएं जाएं ?

प्रस्तुत प्रमाणों से आप खुद यह निर्णय कर सकते हैं कि वेद किसी भी प्रकार कि अमानवीयता के सख्त ख़िलाफ़ हैं और जिस में गौवध और गौमांस का तो पूरी तरह से निषेध है।

मेरी ये चेलेंज है कि अगर कोई वेदों में गौमांस भक्षण के समर्थक एक भी मंत्र मुझे दिखा दे तो मैं वो जो कहेगा वो करने के लिए तैयार हूँ पर अगर एसा न हुआ तो उसे वैदिक धर्म की और लौटना होगा।

हिन्दू धर्म में गौमांस और पशु बलि का पूरी तरह से निषेध है।

अध्याय २

आरोप और उनका खण्डन

अपने अज्ञान को स्वीकार करना सत्य की खोज में पहला कदम है।

-अग्निवीर

पहले अध्याय में हम ने वेदों पर लगाए गए गौमांसाहार और पशुबलि के आरोपों की गहराई से जांच की। हमने प्रमाणों से साथ ये साबित किया कि-

- वेद पशुओं और निर्दोष प्राणियों की हिंसा के सख्त खिलाफ हैं।
- वेद में यज्ञ की परिभाषा ही अहिंसा से होने वाला अनुष्ठान है और वैदिक मूल्य पशु बलि के सख्त खिलाफ हैं।

- गौमांसाहार के विपरीत, वेद गाय की रक्षा करने और उसके हत्यारों को अत्यंत कठोर सज़ा देने के निर्देश देते हैं।

हमारे इस कार्य को अग्निवीर की वेबसाईट पर प्रकाशित करने के बाद वेदों को बदनाम करने की मुहिम पर लगाम लगी है। इसके प्रमाणों के प्रतिवाद में आज तक कोई संतोषकारी जवाब नहीं मिला। फिर भी कुछ लोग छुट-पुट आरोप लगाते रहते हैं। अपने पक्ष में यह लोग अज्ञानी और वेदों के अनुवाद में अक्षम पाश्चात्य लोगों के वैदिक साहित्य के अनुवादों से अपमानजनक और बेहूदे अवतरणों को लेकर आ जाते हैं।

यहां हम ऐसे ही कुछ आरोपों का जवाब देंगे ताकि आगे भी कोई गुमराह न कर सके।

१

यज्ञ में पशुबलि अनिवार्य है।

यह सभी जानते हैं कि यज्ञों में पशु बलि दी जाती थी। और वेद में यज्ञों का बहुत गुणगान किया गया है।

अग्निवीर:

यज्ञ शब्द 'यज' धातु में ' नड्.' प्रत्यय जोड कर बनता है। यज धातु के तीन अर्थ होते है –

- देव पूजा – आस-पास के सभी भूतों(पदार्थों) का जतन करना और यथायोग्य उपयोग लेना, ईश्वर की पूजा, माता-पिता का सम्मान, पर्यावरण को साफ़ रखना इत्यादि इस के कुछ उदाहरण हैं।

- संगतिकरण(एकता) और
- दान

वेदों के अनुसार इन में मनुष्यों के सभी कर्तव्य आ जाते हैं। इसलिए सिर्फ वेद ही नहीं बल्कि प्राचीन सारे भारतीय ग्रन्थ यज्ञ की महिमा गाते हैं। मुख्य बात यह है कि यज्ञ में पशु हिंसा का कहीं कोई प्रमाण नहीं मिलता। वैदिक कोष - निरुक्त २.७ यज्ञ को 'अध्वर' कहता है अर्थात हिंसा से रहित (ध्वर=हिंसा)।

पशु हिंसा ही क्या, यज्ञ में तो शरीर, मन, वाणी से भी की जाने वाली किसी हिंसा के लिए स्थान नहीं है। वेदों के अनेक मन्त्र यज्ञ के लिए 'अध्वर' शब्द का प्रयोग करते हैं।

उदाहरण -

ऋग्वेद – १.१/४, १/१/८, १/१४/२१, १/१२८/४, १/१९/१

अथर्ववेद- ४/२४/३, १८/२/२, १/४/२, ५/१२/२, १९/४२/४

यजुर्वेद के लगभग ४३ मन्त्रों में यज्ञ के लिए अध्वर शब्द आया है।

यजुर्वेद ३६/१८ तो कहता है कि "मैं सभी प्राणियों- सर्वाणि भूतानि (सिर्फ मनुष्यों को नहीं बल्कि जीव मात्र) को मित्र की दृष्टि से देखूं।"

इस से पता चलता है कि वेद कहीं भी पशु हिंसा का समर्थन नहीं करता बल्कि उसका निषेध करता है।

भारतवर्ष के मध्य काल में वैदिक मूल्यों का पतन होने के कारण पशु हिंसा चला दी गई। इस का दोष वेदों को नहीं दिया जा सकता। जैसे आज कई

फ़िल्मी सितारे और मॉडल्स मुस्लिम हैं जो अश्लीलता परोसते हैं, क्या इस से कुरान अश्लीलता की समर्थक कही जाएगी? इसी तरह, ईसाई देशों में विवाह पूर्व सम्बन्ध और व्याभिचार का बोलबाला है, तो क्या बाइबिल को इस का आधार कहा जायेगा? हमारी चुनौती है उन सब को, जो यज्ञों में पशु बलि बताते हैं कि वे इस का एक भी प्रमाण वेदों से निकाल कर दिखाएं।

२

'अश्वमेध' और 'गोमेध' में पशुहत्या

अगर ऐसा ही है तो वेदों में आए – अश्वमेध, गोमेध क्या हैं? 'मेध' का मतलब है – 'मारना'

अग्निवीर:

पहले अध्याय में हम चर्चा कर चुके हैं कि 'मेध' शब्द का अर्थ, 'हिंसा' ही नहीं है। 'मेध' शब्द, बुद्धि पूर्वक कार्य करने को दर्शाता है। मेध - 'मेधृ – सं – ग – मे' से बना है। इसलिए इस का अर्थ – मिलाप करना, सशक्त करना या पोषित करना भी है। (देखें, धातु पाठ)

जब यज्ञ को अध्वर, 'हिंसा रहित', कहा गया है, तो उस के सन्दर्भ में 'मेध' का अर्थ हिंसा क्यों लिया जाए? बुद्धिमान इंसान 'मेधावी' कहे जाते हैं और इसी तरह, लड़कियों के नाम मेधा, सुमेधा इत्यादि रखे जाते हैं, तो ये नाम क्या उनके हिंसक होने के कारण रखे जाते हैं या बुद्धिमान होने के कारण?

शतपथ १३/१/६/३ और १३/२/२/३ स्पष्ट कहता है कि राष्ट्र के गौरव, कल्याण और विकास के लिए किए जाने वाले कार्य 'अश्वमेध' हैं। राम

प्रसाद बिस्मिल, अशफाक, नेताजी, शिवाजी, तिलक आदि हमारे महान देश भक्त, क्रांतिकारी वीरों ने राष्ट्र रक्षा के लिए अपने जीवन आहूत करके अश्वमेध यज्ञ ही किया था।

अन्न को दूषित होने से बचाना, अपनी इन्द्रियों को वश में रखना, सूर्य की किरणों से उचित उपयोग लेना, धरती को पवित्र या साफ़ रखना, 'गोमेध' यज्ञ है। 'गो' शब्द का एक अर्थ, 'पृथ्वी' भी है। पृथ्वी और उसके पर्यावरण को स्वच्छ रखना 'गोमेध' है।(देखें, निघण्टू १/१, शतपथ १३/१५/३)

३
नरमेध और अजमेध यज्ञों में हत्या

वेद तो नरमेध यज्ञ में मनुष्य हत्या की बात भी करते हैं। और यह अजमेध यज्ञ क्या है?

अग्निवीर:

मनुष्य की मृत्यु के बाद, उसके शरीर का वैदिक रीति से दाह संस्कार करना – नरमेध यज्ञ है।

मनुष्यों को उत्तम कार्यों के लिए प्रशिक्षित और संगठित करना भी नरमेध या पुरुषमेध या नृमेध यज्ञ कहलाता है।

'अज' कहते हैं – बीज या अनाज या धान्य को। इसलिए, कृषि की पैदावार बढ़ाना – अजमेध। सीमित अर्थों में – अग्निहोत्र में धान्य से आहुति देना। (देखें, महाभारत शांतिपर्व ३३७/४-५)

विष्णु शर्मा, सुप्रसिद्ध पचतंत्र(काकोलूकीयम्) में कहते हैं कि जो लोग यज्ञ में हिंसा करते हैं, वे मूर्ख हैं। क्योंकि वे वेद के वास्तविक अर्थ को नहीं

समझते। अगर जानवरों को मार कर स्वर्ग में जा सकते हैं, तो फ़िर नरक में जाने का मार्ग कौन-सा है?

महाभारत शांतिपर्व (२६३/६, २६५/९) के अनुसार यज्ञ में शराब, मछली, मांस को चलाने वाले लोग धूर्त, नास्तिक और शास्त्र ज्ञान से रहित हैं।

४

'हस्तिन आलम्भते' अर्थात् – हाथियों को मारना

यजुर्वेद मन्त्र २४/२९ में आए 'हस्तिन आलम्भते' का अर्थ तो हाथियों को मारना ही है?

अग्निवीर:

यह सच नहीं कि 'लभ्' धातु से बनने वाले 'आलम्भ' शब्द का अर्थ मारना है। लभ् =अर्जित करना या पाना। हर भारतीय इससे परिचित है। वे अपनी दुकानों पर भी "शुभ-लाभ" लिखते हैं। जबकि 'हस्तिन' शब्द का 'हाथी' के आलावा और गहन अर्थ भी निकलता है, तब भी अगर हम इस मंत्र में 'हाथी' अर्थ लें, तो इससे यही पता चलता है कि राजा को अपने राज्य के विकास हेतु हाथिओं को प्राप्त करना चाहिए या अर्जित करना चाहिए। इसमें हिंसा कहां है?

'आलम्भ' शब्द अनेकों स्थानों पर 'अर्जित करने' या 'प्राप्त करने' के लिए आया है। उदाहरण के लिए मनुस्मृति ब्रह्मचारियों के लिए स्त्रियों को पाने का निषेध करते हुए कहती है: 'वर्जयेत स्त्रीना आलम्भं'। अतः आलम्भते का अर्थ 'मारना' पूरी तरह से गलत है। जिन लोगों की जीभ को मांस खाने की लत पड़ गई है, उन्हें पशुओं का उपयोग 'खाना' ही समझ में आता है और इसलिए वेद मन्त्रों में 'आलम्भते' का अर्थ मारना, उन्होंने अपने

मन से गढ़ लिया।

५

'संज्ञपन' अर्थात बलिदान

ब्राह्मण ग्रंथों और श्रौत सूत्रों में 'संज्ञपन' शब्द आया है, जिसका मतलब बलिदान है?

अग्निवीर:

अथर्ववेद ६/७४/१-२ कहता है कि हम अपने मन, शरीर और हृदयों का 'संज्ञपन' करें, तो क्या इस से यह समझा जाये कि हम खुद को मार दें! संज्ञपन का वास्तविक अर्थ है – 'मेल करना या पोषण करना'। मन्त्र का अर्थ है – हम अपने मन, शरीर और हृदयों को बलवान बनाएं, जिससे वे एक साथ मिलकर काम करें। संज्ञपन का एक अर्थ – 'जताना' भी होता है।

६

यजुर्वेद और ऋग्वेद में घोड़े की बलि

तुम हर बार पकड़ में आने से बच जाते हो, पर अब नहीं भाग सकते। देखो, यजुर्वेद २५/३४-३५ और ऋग्वेद १/१६२/११-१२ में घोड़े की बलि का वर्णन है –

"अग्नि से पकाए, मरे हुए तेरे अवयवों से जो मांस-रस उठता है वह वह भूमि या घास पर न गिरे, वह चाहते हुए देवों को प्राप्त हो।"

"जो घोड़े को अग्नि में पका हुआ देखते हैं और जो कहते हैं कि इस मरे हुए घोड़े से बड़ी अच्छी गंध आ रही है और जो घोड़े के मांस की लालसा करते

हैं, उनका उद्यम हमें मिले।”

अग्निवीर:

लगता है कि तुमने ग्रिफिथ की नक़ल की है।

पहले मन्त्र का घोड़े से कोई वास्ता नहीं है। वहां सिर्फ यह कहा गया है कि ज्वर या बुखार से पीड़ित इंसान का वैद्य लोग उपचार करें।

दूसरे मन्त्र में ‘वाजिनम्’ को घोड़ा समझा गया है। ‘वाजिनम्’ का अर्थ है – शूर / बलवान / गतिशील / तेज। इसीलिए घोड़ा ‘वाजिनम्’ कहलाता है। इस मन्त्र के अनेक अर्थ हो सकते हैं पर कहीं से भी घोड़े की बलि का अर्थ नहीं निकलता।

अगर वाजिनम् का अर्थ घोड़ा ही लिया जाये तब भी अर्थ होगा कि – घोड़ों(वाजिनम्) को मारने से रोका जाये। इन मन्त्रों के सही अर्थ जानने के लिए ऋषि दयानंद का भाष्य पढ़ें। साथ ही, पशु हिंसा निषेध और पशु हत्यारे खासकर गाय और घोड़े के हत्यारों के लिए कठोर दंड के मन्त्रों को जानने के लिए पहले अध्याय में दिए कई मंत्र देखें।

७

अतिथिग्वा - अतिथियों को गाय का मांस परोसने वाला

वेदों में ‘गोघ्न‘ या गायों के वध के संदर्भ हैं और गाय का मांस परोसने वाले को अतिथिग्वा या अतिथिग्ना कहा गया है। तुम इन्हें कैसे स्पष्ट करोगे?

अग्निवीर:

पहले अध्याय में हम काफी सबूत दे चुके हैं कि वेदों में गाय को अघन्या या

अदिती - कभी न मारने योग्य - कहा गया है और गोहत्यारे के लिए अत्यंत कठोर दण्ड के विधान को भी दिखा चुके हैं।

'गम्' धातु का अर्थ है–'जाना'। इसलिए गतिशील होने के कारण ग्रहों को भी 'गो' कहते हैं। 'अतिथिग्वा' या 'अतिथिग्ना' का अर्थ अतिथियों की ओर या अतिथियों की सेवा के लिए जाने वाले है।

'गोघ्न' के अनेक अर्थ होते हैं। अगर 'गो' से मतलब गाय लिया जाए तब भी 'गो+हन्' = गाय के पास जाना, ऐसा अर्थ होगा। 'हन्' धातु का अर्थ हिंसा के अलावा गति, ज्ञान इत्यादि भी होते हैं। वेदों के कई उदाहरणों से पता चलता है कि 'हन्' का प्रयोग किसी के निकट जाने या पास पहुंचने के लिए भी किया जाता है। उदाहरण के लिए अथर्ववेद 'हन्' का प्रयोग करते हुए पति को पत्नी के पास जाने का उपदेश देता है।

इसलिए, इन दावों में कोई दम नहीं है।

८

बांझ गाय को मारने की आज्ञा

वेद जवान गायों को मारने केलिए नहीं कहते पर बूढ़ी, बांझ ('वशा') गाय को मारने की आज्ञा देते हैं। इसी तरह, 'उक्षा' या बैल को मारने की आज्ञा भी है।

अग्निवीर:

इस मनघडंत कहानी के आधुनिक प्रचारक डी.एन झा हैं। वह गौमांस भक्षण के अपने दावे को वेदों से दिखाने में सफल न हो सके। क्योंकि वेदों में इस के बिलकुल विपरीत बात ही कही गयी है और गौ हत्या का सख्त निषेध मौजूद है। इसलिए इस के बचाव में उन्होंने लाल बुझक्कड़ी कल्पना

का सहारा लिया।

दरअसल 'उक्षा' एक औषधीय पौधा है, जिसे 'सोम' भी कहते हैं। यहां तक कि मोनिअर विलियम्स भी अपने संस्कृत-इंग्लिश कोष में 'उक्षा' का यही अर्थ करते हैं। 'वशा' का अर्थ ईश्वर की संसार को 'वश' में रखने वाली शक्ति है। अगर 'वशा' का मतलब बांझ गाय कर लिया जाए तो कई वेद मन्त्र अपने अर्थ खो देंगे।

उदाहरणत: अथर्ववेद १०/१०/४ यहां 'वशा' के साथ सहस्र धारा(सहस्रों पदार्थों को धारण करने वाली) का प्रयोग हुआ है। अन्न, दूध और जल की प्रचुरता दर्शाने वाली सहस्र धारा के साथ एक बांझ गाय की तुलना कैसे हो सकती है? ऋग्वेद १०/१९०/२ में ईश्वर की नियामक शक्ति को 'वशी' कहा गया है और प्रतिदिन दो बार की जानेवाली वैदिक संध्या में इस मन्त्र को बोला जाता है।

अथर्ववेद २०/१०३/१५ संतान सहित उत्तम पत्नी को 'वशा' कहता है। दुसरे कुछ मन्त्रों में 'वशा' शब्द उपजाऊ जमीन या औषधीय पौधे के लिए भी आया है। मोनिअर विलियम्स के कोष में भी 'वशा' औषधीय पौधे के सन्दर्भ में प्रयुक्त हुआ है।

इन लोगों ने किस आधार पर 'वशा' का अर्थ 'बांझ' किया है, यह समझ से परे है।

९

दंपत्ति को मांस का सेवन करना चाहिए।

बृहदारण्यक उपनिषद ६/४/१८ के अनुसार उत्तम संतान चाहने वाले दंपत्ति को चावल में मांस मिलाकर खाना चाहिए, साथ ही बैल(अर्षभ)

और बछड़े(उक्षा) के मांस का सेवन भी करना चाहिए।

अग्निवीर:

वेदों से थककर अब उपनिषदों पर आ गए, पर अगर कोई उपनिषदों में गौ साहार दिखा भी दे, तब भी इस से वेदों में गोस सिद्ध नहीं हो जाता।

हिन्दुओं के सभी धार्मिक ग्रन्थ वेदों को ही अपना आदि स्रोत मानते हैं। इसलिए हिन्दू धर्म में वेदों का प्रमाण ही सर्वोच्च है। पूर्व मीसा १/३/३, मनुस्मृति २/१३, १२/९५, जाबालस्मृति, भविष्य पुराण इत्यादि ग्रंथों के अनुसार वेद और दुसरे ग्रंथों में मतभेद होने पर वेदों को ही सही माना जाए।

बृहदारण्यकोपनिषत् पर किया गया यह बेहूदा आरोप दरअसल गलत समझ का नतीजा है।

पहले 'मांसौदनम्' को लें – यहां इस श्लोक से पूर्व ४ ऐसे श्लोक हैं, जिनमें बच्चों में विविध वैदिक ज्ञान पाने के लिए चावल को विशिष्ट खाद्य पदार्थों के साथ खाने के लिए कहा है। मांसोदनं के अलावा जो दुसरे विशिष्ट खाद्य पदार्थ बताये गए हैं वे हैं:

- क्षीरोदनं (चावल के साथ दूध),
- दध्योदनं (चावल के साथ दही),
- चावल के साथ पानी और
- चावल के साथ तिल(दलहन)।

ये सब इतर वेदों में निपुणता प्राप्त करने के लिए बताये गए हैं। इस

श्लोक में सिर्फ अर्थववेद में निपुणता प्राप्त करने के लिए मांसोदनं (चावल के साथ मांस) का उल्लेख है। यहीं इस सन्दर्भ में असंगति साफ़ दिखाई देती है।

सच तो यह है कि वहां शब्द – 'माषौदनम्' है, 'मांसौदनम्' नहीं। 'माष' एक तरह की दाल है। इसलिए यहां मांस का तो सवाल ही नहीं उठता। आयुर्वेद गर्भवती स्त्रियों के लिए मांसाहार को सख्त मना करता है और उत्तम संतान पाने के लिए 'माष' सेवन को हितकारी कहता है (देखें, सुश्रुतसंहिता)। इससे ये साफ़ है कि बृहदारण्यक भी वैसा ही मानता है जैसा सुश्रुत में है। इन दोनों में सिर्फ 'माष' और 'मांस' का ही फर्क होने का कोई कारण नहीं।

फिर भी अगर कोई माष को मांस ही कहना चाहे, तब भी मांस तो 'गूदे' (pulp) को भी कहते हैं सिर्फ गोश्त (meat) को ही नहीं। प्राचीन ग्रंथों में मांस अर्थात गूदा के ढेरों प्रमाण मिलते हैं – चरकसंहिता देखें- वहां शब्द हैं – आम्रसं = आम का गूदा ,खजूरसं = खजूर का गूदा। तैत्तरीय संहिता २/३२/८ – दही, शहद और धान को मांस कहता है।

मोनिअर विलियम्स का शब्द कोष उक्षा अर्थात सोम और ऋषभ (जिससे अर्षभ शब्द बना) दोनों को औषधीय पौधा बताता है। ऋषभ का वैज्ञानिक नाम Carpopogan pruriens है। चरक संहिता १/४-१३, सुश्रुत संहिता ३/८ और भावप्रकाश पूर्ण खंड भी यही कहते हैं।

अर्षभ (ऋषभ)और उक्षा दोनों का अर्थ बैल है - बछड़ा नहीं, तो एक ही बात बताने के लिए पर्यायवाची शब्दों का उपयोग क्यों किया जायेगा? यह ऐसा ही है कि तुम या तो चावल खाओ या भात खाओ।

स्पष्ट ही दोनों शब्दों के अर्थ अलग हैं। और क्योंकि दुसरे सभी श्लोक

जड़ी-बूटी और दलहनों का उल्लेख करते है, ये शब्द भी इसी ओर इंगित करते हैं। सिर्फ डी.एन. झा या काटजू को गौ हत्या पसंद है इसलिए हम इनका अर्थ गौ मांस या मांस क्यों लें?

१०

महाभारत वन पर्व २०७ में गौ वध

महाभारत वन पर्व २०७ में राजा रन्तिदेव के यज्ञों में बड़ी संख्या में गायों के वध का वर्णन आता है।

अग्निवीर:

हम यह पहले ही बता चुके हैं कि वेद और दुसरे शास्त्रों में अगर कहीं विरोध हो तो वेद ही प्रामाणिक माने जाएंगे। महाभारत मिलावटों से इतना दूषित हो चुका है कि उसे प्रमाण मानना भी मुश्किल हो गया है।

महाराजा रन्तिदेव के महलों में गौ हत्या के झूठे आरोप का खंडन दशकों पहले ही कई विद्वान कर चुके हैं।

- महाभारत के अनुशासन पर्व ११५ में राजा रन्तिदेव का नाम कभी मांस न खाने वालों राजाओं में है। अगर उनके महल गौमांस से भरे रहते थे तो उनका नाम मांस न खाने वालों में कैसे आया?

- मांस का मतलब हमेशा मीट या गोश्त ही नहीं होता – यह भी साबित हो चुका है।

- जिस श्लोक में गौमांस का आरोप लगाया गया है – उस के अनुसार प्रतिदिन २००० गौएं मारी जाती थीं। इस हिसाब से एक वर्ष में ७,२०,००० से भी अधिक गौओं का वध होता था? क्या ऐसे

श्लोक पर यकीन करना बुद्धिसंगत है?

- महाभारत का शांति पर्व २६२/४७ गाय या बैल के हत्यारे को महापापी घोषित करता है। एक ही किताब में यह विरोधाभास कैसे?

- दरअसल, इन श्लोकों को भ्रष्ट करने का श्रेय राहुल सांकृतायन जैसे महापंडित को है। वे अपनी वेद निंदा के लिए जाने जाते थे। उसने महाभारत द्रोणपर्व ६७ के पहले दो श्लोकों से सिर्फ तीन पंक्तियों को ही उद्धृत किया और जानबूझ कर एक पंक्ति छोड़ दी। द्विशतसहस्र का अर्थ उसने दो हजार किया है जो कि गलत है। इस का सही अर्थ दो सौ हजार होता है (द्वि - दो शत - सौ सहस्र – हजार)। इस से उनके संस्कृत ज्ञान के दर्शन भी हो जाते हैं। इन में से कोई भी पंक्ति गौमांस से सम्बन्ध नहीं रखती और अगर जानबूझ कर छोड़ी गयी पंक्ति भी मिला दें तो अर्थ होगा कि राजा रन्तिदेव के राज्य में उत्तम भोजन पकाने वाले २००,००० रसोइये थे जो प्रतिदिन अतिथियों और विद्वानों को बढ़िया खाना (चावल, दालें, पकवान, मिठाई इत्यादि – निरामिष पदार्थ) खिलाते थे। गौमांस परक अर्थ दिखाने के लिए अगले श्लोक के 'माष' शब्द को बदल कर 'मांस' किया गया है।

- महाभारत में ही इस के विपरीत – हिंसा और गौमांस का निषेध करने वाले सैंकड़ों श्लोक मौजूद हैं। साथ ही, महाभारत गाय के लाभ और उसके उपकार की अत्यंत प्रशंसा भी करता है।

- मूर्ख लोगों ने 'बाध्यते' का अर्थ मारना कर दिया – जो कि संस्कृत की किसी किताब या व्याकरण या प्रयोग के अनुसार नहीं है।

'बाध्यते' का अर्थ है – नियंत्रित करना।

अतः राजा रन्तिदेव के यहां गायों का वध होता था – यह कहीं से भी साबित नहीं होता।

सारांश

अंत में हम यही कहना चाहेंगे कि विश्व की महानतम पुस्तक वेद और दुसरे वैदिक ग्रंथों पर लगाए गए ऐसे कपटपूर्ण आरोपों में अपनी मनमानी थोपने में नाकाम रहे इन बुद्धि भ्रष्ट लोगों की खिसियाहट साफ़ झलकती है।

ईश्वर सबको सद् बुद्धि दे ताकि हम सब मिलकर वेदों की आज्ञा पर चलें और संसार को सुन्दर बनाएं।

संदर्भ ग्रंथ सूची

- ऋग्वेद भाष्य – स्वामी दयानंद सरस्वती
- यजुर्वेद भाष्य -स्वामी दयानंद सरस्वती
- No Beef in Vedas -B D Ukhul
- वेदों का यथार्थ स्वरुप – पंडित धर्मदेव विद्यावाचस्पति
- चारों वेद संहिता – पंडित दामोदर सातवलेकर
- प्राचीन भारत में गौमांस – एक समीक्षा – गीता प्रेस,गोरखपुर
- The Myth of Holy Cow – D N Jha
- Hymns of Atharvaveda – Griffith

- Scared Book of the East – Max Muller
- Rigved Translations – Williams Jones
- Sanskrit – English Dictionary – Moniar Williams
- वेद – भाष्य – दयानंद संस्थान
- Western Indologists – A Study of Motives – Pt.Bhagavadutt
- सत्यार्थ प्रकाश – स्वामी दयानंद सरस्वती
- ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका – स्वामी दयानंद सरस्वती
- Cloud over Understanding of Vedas – B D Ukhul
- शतपथ ब्राह्मण
- निरुक्त – यास्काचार्य
- धातुपाठ – पाणिनि

भाग २: गौमांस प्रेमियों को मुंह तोड़ जवाब

अध्याय ३

गौमांस प्रेमी पूरी तरह गलत क्यों?

सच उसे ही चुभता है जो जूठ की राह पर हो।

\- अग्निवीर

भारत के एक राज्य महाराष्ट्र में गौमांस पर लगाए गए प्रतिबंध ने सोशल मीड़िया पर काफ़ी हलचल मचा दी थी। गौमांस प्रेमियों ने इसे अपनी निज़ी स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार समझा। इस अध्याय में, मैं गौमांस प्रतिबंध के समर्थन में कई मुद्दे देकर यह साबित करूंगा कि गौमांस प्रतिबंध पूरी तरह लोकतांत्रिक, न्यायिक, सर्वाधिक तार्किक, संविधान सम्मत और भारत के लिए अत्यंत लाभकारी है।

आइए, गौमांस प्रेमियों की दलील देखें –

"मैं क्या खाऊं, ये मेरी मर्ज़ी है। कोई सरकार या नैतिक पुलिस (Moral Police) कौन होती है मुझे ये बताने वाली कि मैं क्या खाऊं और क्या न खाऊं। अगर मुझे बुरा लगे तो क्या वो कल पालक और लौकी खाने पर भी रोक लगाएंगे? यह दांये विंग वाले धर्मांध हिन्दुओं की साम्प्रदायिक राजनीती है, जिसका विरोध होना ही चाहिए।"

अग्निवीर:

ऊपरी तौर पर ठीक और तर्कसंगत लगने वाली उनकी यह मुहीम अन्दर से कितनी सच्ची है, आइए ज़रा कुरेद कर देखें –

मैं यहां इन जेसे लोगों के मुंह बंद करने के तेरह तरीके दे रहा हूं। अगर गौमांस प्रेमी मेरे एक या एक से ज्यादा तर्कों को काटने की कोशिश करते भी हैं, तो उनसे कहिए कि वे अपना पक्ष सही ठहराने के लिए इन सारे तर्कों को गलत साबित करके दिखाएं। वरना यह ऐसे होगा जैसे किसी आदमी पर बीस खून के मुक़दमे चल रहे हैं और वो कहे कि बीस में से तीन खून किसी और ने किए हैं। लेकिन इससे कुछ नहीं होगा, जब तक तुम यह साबित ना करो कि तुमने कोई एक खून भी नहीं किया है, तुम्हें फांसी की सजा तो होगी।

१

गौमांस प्रतिबंध के ख़िलाफ़ पहले कोई मुहीम क्यों नहीं चलाई गई?

भारत के ज्यादातर राज्यों में गाय और दुसरे मवेशियों के क़त्ल पहले से ही प्रतिबंध है। तब ये गौमांस प्रेमी पिछले ६८ वर्षों से क्या कुंभकरण की नींद सो रहे हैं? अब तक ये लोग क्या खा रहे थे? कहीं किसी गैर क़ानूनी गतिविधि में तो सामिल नहीं थे? अब तक उन्होंने अपने गौमांस प्रेम का प्रदर्शन क्यों नहीं किया? पिछले लगभग सात दशकों में उन्होंने गौमांस

प्रतिबंध के ख़िलाफ़ मुहीम क्यों नहीं चलाई?

२

प्रतिबंध गौ हत्या पर लगाया गया है, खाने पर नहीं।

तुम क्या खाते हो क्या नहीं, इससे किसी को कोई लेना-देना नहीं है। लोकतंत्र में तुम्हें पूरी आज़ादी है। चाहो तो अपने कमोड़ से उठाकर भी कुछ खा सकते हो। लेकिन प्रतिबंध खाने पर नहीं, मवेशियों के क़त्ल पर है।

अब मेरे जैसे लोगों को गाय (सामान्य तौर पर मवेशियों) के क़त्ल पर कई आपत्तियां हैं। अगर तुम मेरी माँ की हत्या किए बगैर प्रयोगशाला में बीफ़ बना सकते हो, तो मुझे बिलकुल भी आपत्ति नहीं होगी।

लेकिन अगर लोकतंत्र के नाम पर तुम मेरी माँ की हत्या करना चाहते हो, तो बेहतर होगा कि तुम सोमालिया या आई.एस.आई.एस के इलाकों में जाकर लोकतंत्र की खोज करो। तुम्हारी स्वतंत्रता वहां ख़त्म हो जाती है, जहां से मेरी शुरू होती है।

३

गाय मेरी माँ है।

हां, यह सही है कि गाय के लिए भारत के विशाल बहुमत के मन में भावुक मान्यताएं हैं। वे गाय को अपनी माँ मानते हैं। हिन्दूओं के सबसे लोकप्रिय भगवान श्रीकृष्ण, गाय के प्रति अपने प्रेम के कारण ही 'गोपाल' कहलाते हैं। चाहे कोई भी अवसर क्यों न हो, जन्म, मृत्यु, ख़ुशी, गमी कोई भी समारोह या त्यौहार – गाय की पूजा करना और गाय को खिलाना हिन्दू धर्म में बड़ा कर्तव्य समझा जाता है। हिन्दू धर्म में बहुत से उत्सव गाय को समर्पित हैं। हिन्दुओं के एक और परम पूज्य देव - महादेव - का साथी

नंदी (बैल) है।

यह कोई मायने नहीं रखता कि तुम गाय की इस पूजा से सहमत हो या नहीं। लेकिन, जब तक बहुसंख्य भारतीय गाय को अपनी माँ मानते हैं, उसकी हत्या बरदाश्त नहीं की जा सकती। ज़रा सोचो, अगर मैं किसी जानवर को तुम्हारी माँ का नाम देकर क़त्ल कर दूं या मैं किसी हिन्दू देवता, पैगंबर मुहम्मद या ज़ीसस का नाम किसी जानवर पर लिख दूं और फिर उसका गला रेत दूं या मैं किसी मंदिर, मस्जिद या चर्च को दूषित कर दूं तो क्या तुम इसे सह लोगे और उस मेरे इस काम को बढ़ावा दोगे? अगर हां, तो तुम एक विकृत मानस के आदमी हो।

लेकिन यह तो मुद्दे के बाहर की बात है। पहले तुम, मेरी जगह, ऊपर बताये गए कामों को अंजाम दो। फिर उसका विडिओ बना कर यू ट्यूब पर अपने नाम-पते के साथ ड़ाल दो। और फिर लोकतंत्र के नाम पर तुम्हें ऐसी पागलों जैसी हरकतें करने देने की अनुमति मांगने के लिए आन्दोलन करो।

अगर नहीं, तो पूजनीय गौमाता और संबंधित मवेशियों का क़त्ल ऐसे देश में बिलकुल बरदाश्त नहीं किया जा सकता, जहां गाय धार्मिक और सांस्कृतिक लोकाचार का आधार स्तंभ है।

४

गौमांस उत्पादक खुद को चाहे किसी भी धर्म का बताएं, इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता।

मुझे यह भद्दी दलील देने की कोशिश मत करना कि हमारे देश में गाय और मवेशियों को प्रताड़ित किया जाता है। मेरे सामने यह साबित करने की कोशिश भी मत करना कि गौमांस उत्पादन के लिए गाय बेचने वाले

बहुत से लोग हिन्दू हैं और इसलिए गौमांस पर लगाया गया प्रतिबंध दोहरे मापदंड दर्शाता है।

अगर ऐसा ही है तो मुझे ये बताओ कि तुम इस समस्या का समाधान करने के लिए क्या कर रहे हो? एक सच्चाई यह भी है कि समाज के रवैए के चलते आज भी हमारे देश के कई हिस्सों में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। लेकिन, इस का मतलब यह नहीं कि बलात्कार की सजा दोहरे मापदंड दर्शाती है। तुम्हारी ये बीमार दलीलें बिलकुल वैसी ही हैं, जैसी की निर्भया काण्ड़ के एक बलात्कारी की सोच।

क्योंकि महिला सुरक्षा हमारे देश में एक विवादित मुद्दा है, तो क्या तुम किसी महिला का बलात्कार कर दोगे? इसके विपरीत ये बताओ कि क्या तुम अपनी व्यक्तिगत हानि की कीमत पर भी किसी महिला के सम्मान की रक्षा कर सकते हो? इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि भारत में गौमांस उत्पादकों का धर्म या मज़हब क्या है? जो चीज़ मायने रखती है वो यह है कि मवेशियों का क़त्ल बहुसंख्य भारतीयों की भावनाओं का अपमान करना है और इसलिए इस पर रोक लगनी चाहिए।

जिस दिन भारत में तुम्हारे जैसे लोग बहुतायत में हो जाएं और तुम लोग उनकी मज़हबी शख्सियतों के नाम या माओं के नाम पशुओं पर लिखकर क़त्ल करना शुरू कर दो और बड़े आराम से अपनी इस कारगुजारी का विडिओ बनाकर यू ट्यूब पर ड़ाल सको, उस दिन इस प्रतिबंध को रद्द कर देना।

लेकिन शुक्र है कि आज ऐसा नहीं है और इसलिए गौमांस पर प्रतिबंध सही है।

५

बहुमत की भावनाओं का आदर करो।

यह बात सच है कि भले ही भारतीय संस्कृति में पशुओं की पूजा का कोई तार्किक आधार ऊपर से नज़र नहीं आता, फिर भी बहुसंख्य लोगों की भावनाओं का आदर करते हुए ही गौमांस पर प्रतिबंध लगाना उचित कहा जाएगा। लेकिन शुक्र है कि सच इसके विपरीत है। भारतीय संस्कृति के आधार बहुत ही तार्किक और वैज्ञानिक हैं। भारत को विश्व गुरु का ख़िताब हमने देश के प्रति अपनी अंधभक्ति को संतुष्ट करने के लिए नहीं दे रखा है। बल्कि इसलिए दिया है क्योंकि भारतीय संस्कृति तर्क और वैज्ञानिकता की दृढ़ बुनियाद पर टिकी हुई है।

अब गाय और दुसरे पशुओं की पूजा के विषय में बात करे तो -

- गाय इस धरा पर मौजूद सबसे उत्पादक पशु है। वह एक चल-ता-फ़िरता औषधालय और कारख़ाना है जिसमें बनने वाला हर एक पदार्थ बहुमूल्य उपयोग रखता है। उसके शरीर में निर्मित हर एक पदार्थ जैसे गाय का गोबर, गोमूत्र, गाय का दूध और यहां तक कि उसका स्वेदजल और सांस भी उपयोगिता का खजाना है। उनसे हमारी अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, ईंधन उत्पादन और स्वास्थ्य सेवाओं को मिलने वाले लाभ कि कोई तुलना नहीं। जब किसी कारखाने या उद्योग को बम से उड़ाने की सज़ा नियत की जा सकती है तो गाय जैसे इतने अनमोल उपयोगिता के प्राणी को मारने पर सज़ा क्यों नहीं?

- गौमांस उत्पादन में पर्यावरण को नुकसान की जो कीमत चुकानी पड़ती है, वह पशुधन की दूसरी उत्पादक गतिविधियों में सबसे

ज्यादा है। मांस उद्योग दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाला उद्योग है और इस में भी गौमांस उद्योग पर्यावरण के लिए सर्वाधिक घातक है।

- गौमांस उत्पादन में दुसरे खाद्य उद्योगों के मुकाबले स्वच्छ पानी की ख़पत सबसे ज्यादा है। एक पौंड गौमांस उत्पादन में अनुमानित पानी का व्यय ४४१ गैलन से १२००८ गैलन तक है। इसकी तुलना में धान या गेहूं का उत्पादन ५० से १०० गुना तक अधिक कार्यक्षम है! भारत ही क्या आज सारी दुनिया में ही लोगों को गौमांस भक्षण से दूर करने की मुहीम चलाई जा रही है ताकि हमारी आने वाली पीढियां पीने के लिए पानी औए खाने के लिए भोजन को न तरसें।
- अश्मीभूत उर्जा का सबसे अक्षम उपयोग है गौमांस उत्पादन। इसमें उर्जा के निवेश और उत्पादन का अनुपात ५४:१ है जबकि चिकन के लिए यह ४:१ है, पोर्क (सूअर का मांस) के लिए २६:१ है, अण्डों के लिए ६:१ है और भारतीय खाद्यान्न के लिए यह अनुपात करीब२:१ है। आशय एकदम स्पष्ट है – जब तुम अनाज़ की बजाए गौमांस खाते हो तब तुम्हारी “जीभ के चोंचलों से वशीभूत इस तथाकथित व्यक्तिगत स्वतंत्रता” के कारण ५४ लोग भुख़मरी का शिकार होते हैं।

हम अपने प्राचीन ऋषियों के प्रति ह्रदय की गहराई से आभार प्रकट करते हैं, जिन्होनें भारतीय संस्कृति की आधार शिला बनाई। उन्होंने अपनी दू-रद्दष्टि से वह चीज़ पहले ही जान ली थी जिसे पहचान कर सही कदम उठा पाने में हुई देरी पर दुनिया आज पछता रही है।

६

गौमांस प्रेमी और उनके दोगले मापदंड।

अगर कोई कहता है कि उसे क्या खाना चाहिए और क्या नहीं यह उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता है और इसलिए उसे गाय और दुसरे मवेशियों को मारने की इज़ाज़त मिलनी चाहिए, तो पहले उसे निचे लिखी गई बातों से प्रतिबंध उठाने की मांग करनी चाहिए:

